भारत सरकार
Government of India
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग
Ministry of Commerce & Industry, Deptt. of Commerce
नौएडा–दादरी रोड, फेस-II, नौएडा-201305 (उ० प्र०)
Noida-Dadri Raod, Phase-II, Noida-201305 (U.P.)
Tel : +91 120 2567270, 3021444-46
Fax : +91 120 2562314, 2567276

फा. सं. 10/173/2007-एस.ई.जेड/
दिनांक 27.07.2015
सेवा में,

१. निदेशक (एस.ई.जेड), वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग भवन, नयी दिल्ली |
२. अपर निदेशक, विदेश व्यापार निदेशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, "अ" विंग, इन्द्रप्रस्थ भवन, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली |
३. आयुक्त, केंद्रीय उत्पाद(नॉएडा-1), सी-56/42, सेक्टर-62, नॉएडा |
४. आयुक्त, केंद्रीय उत्पाद(नॉएडा-2), फार्मूला-1, होटल, वेगमेंस बिज़नस पार्क, प्लाट न. 3, नोलेज पार्क-3, ग्रेटर, नॉएडा |
५. आयुक्त, आयकर, ए- 2 डी, आयकर भवन, सेक्टर-24, नॉएडा |
६. उप सचिव (आई एफ-I), बैंकिंग डिवीज़न, इकनोमिक अफेयर डिपार्टमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ़ फाइनेंस, भारत सरकार, तृतीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली |
७. सी.ई.ओ., नवीन ओखला औधोगिक विकास प्राधिकरण, मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नॉएडा |
८. सी.ई.ओ., ग्रेटर नॉएडा औधोगिक विकास प्राधिकरण, 169, चितवन एस्टेट, सेक्टर गामा-II, ग्रेटर नॉएडा |
९. जनरल मनेजर, जिला औधोगिक केंद्र, सेक्टर-20, नॉएडा(प्रधान सचिव, औधोगिक, उ. प्र. सरकार के प्रतिनिधि) |
१०. सम्बंधित एस. ई. जेड, विकासकर्ता |

विषय: **<u>नॉएडा व ग्रेटर नॉएडा में स्थित एस.ई.जेड के सम्बन्ध में इकाई अनुमोदन कमेटी की मीटिंग दिनांक 23.07.2015 समय 11.30 बजे, जो कि कांफ्रेंस हॉल, सेवा सदन, एन. एस. ई. जेड. में संपन्न हुई के मिनट्स |</u>**

श्रीमान,

मुझको उपरोक्त विषय पर डॉक्टर एल. बी. सिंघल, विकास आयुक्त, एन. एस. ई.जेड की अध्यक्षता में नॉएडा व ग्रेटर नॉएडा में स्थित एस.ई.जेड के सम्बन्ध में इकाई अनुमोदन कमेटी की मीटिंग दिनांक 23.07.2015 समय 11.30 बजे के मिनट्स भेजने का निर्देश हुआ है |

यह विकास आयुक्त के आदेश पर जारी किया गया है |

भवदीय,

संलनक: उपरोक्तानुसार |

(राकेश कुमार)
उप विकास आयुक्त

Branch Delhi Office : PHD House, IIIrd Floor, Opp. Asian Games Village, New Delhi-110016, Telfax : : +91 11 26855061
E-mail : dc@nsez.gov.in ; Website : www.nesz.gov.in

# नॉएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र

**डॉ. एल.बी. सिंघल, विकास आयुक्त, नॉएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र की अध्यक्षता में नॉएडा एवं ग्रेटर नॉएडा के गैर सरकारी एस.ई. जेड की इकाई अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 23.07.2015 समय 11.30 बजे के मिनट्स**

इकाई अनुमोदन समिति की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे |

1. श्री एस. एस. शुक्ल, संयुक्त विकास आयुक्त, एन.एस.ई.जेड.|
2. श्री राजेश कुमार, उपायुक्त, आय कर, नॉएडा |
3. श्री ऐ. के. अग्रवाल, सहायक आयुक्त, केंद्रीय उत्पाद, नॉएडा –I
4. श्री दीपक सिंह, सहायक आयुक्त, केंद्रीय उत्पाद, नॉएडा II
5. श्री सुखवीर सिंह बादल, सहायक, विदेश व्यापार निदेशालय, सी.एल.ऐ., नई दिल्ली |
6. श्री जे.पी.सिंह, अधीक्षक, केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क, ग्रेटर नॉएडा |
7. श्री जी.पी.सिंह, सहायक प्रबंधक, डी.आई.सी., नॉएडा |
8. श्री डब्लू. सुखवीर सिंह, प्रधान एग्जीक्यूटिव (प्लानिंग), जी.एन.आई.डी.ऐ.|
9. एस.ई.जेड विकासकर्ता/सह विकासकर्ता के प्रतिनिधि |

२. इनके अतिरिक्त श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, श्री मती ज्योति वधावन (स्पेसीफाईड अधिकारी), श्री ऐ. के. श्रीवास्तव (स्पेसीफाईड अधिकारी) एंड श्री प्रकाश चंद उपाध्याय (सहायक विकास आयुक्त) भी अनुमोदन समिति की सहायता के लिए उपस्थित थे |

३. विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों का स्वागत किया | परिचय के बाद, विकास आयुक्त ने एजेंडा में शामिल सभी बिन्दुओ पर मीटिंग के दौरान चर्चा करने की अवश्यकता पर जोर दिया | इसके बाद उन्होंने यह भी कहा की एन.एस. ई. जेड के द्वारा जारी आदेश स्वत: आख्यित, पारदर्शी एवं कन्विंसिग होंगे |

४. इसके बाद एजेंडा में शामिल आइटम पर एक एक करके चर्चा की गई | विस्तृत चर्चा एवं इकाइयों/विकासकर्ताओ के प्रतिनिधियो से बातचीत के बाद निम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

i. **मै. एच. सी. एल. टेक्नोलॉजी लिमिटेड, आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड, सेक्टर 126, नॉएडा की इकाई मै. एच. सी. एल. टेक्नोलॉजी लिमिटेड (यूनिट-IV) के क्षेत्र विस्तार एवं पुन: प्रोजेक्शन्स के लिए विकास आयुक्त के अनुमोदन की पुष्टि करना** |

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. एच. सी. एल. टेक्नोलॉजी लिमिटेड (यूनिट-IV) ने क्षेत्र विस्तार व पुन: प्रोजेक्शन्स के लिए आवेदन किया है | इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि पिछली इकाई अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 23.06.2015 में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी और समिति ने इस शर्त के साथ अनुमोदन किया था कि इकाई फोरेक्स आउटगो का विवरण, संशोधित ए.पी.आर. वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 को जमा करेगी जिसे इकाई ने इस कार्यालय में जमा किया और विकास आयुक्त ने क्षेत्र विस्तार एवं संशोधित प्रोजेक्शन को यू.ए.सी. ने इकाई द्वारा दिए गए दिनांक 20.07.2015 के क्षेत्र विस्तार एवं संशोधित प्रोजेक्शन्स के लिए विकास आयुक्त के अनुमोदन कि पुष्टि की |

रुपये( लाखो में )

| विवरण (पांच वर्षो का ) | वर्तमान प्रोजेक्शन्स | संशोधित प्रोजेक्शन्स |
|---|---|---|
| निर्यात मूल्य का प्रस्तावित ऍफ़.ओ.बी. | 88740.76 | 123072.76 |
| विदेशी मुद्रा का गमन | 2293.17 | 3240.17 |
| विदेशी मुद्रा आय (एन.ऍफ़.ई.) पांच वर्षो की | 86447.59 | 119832.59 |
| आयात कैपिटल गुड्स | 1163.77 | 1766.27 |
| स्वदेशी कैपिटल गुड्स | 964.25 | 1353.37 |

**ii. मै. सी.व्यू ड्रेवेलोपेर्स लिमिटेड, आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड, सेक्टर 135, नॉएडा की इकाई मै. एन.ई.सी. टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा. लिमिटेड (यूनिट-II) के क्षेत्र विस्तार एवं पुन: प्रोजेक्शन्स का प्रस्ताव |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. एन.ई.सी. टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा. लिमिटेड (यूनिट-II) ने मै. सी.व्यू ड्रेवेलोपेर्स लिमिटेड, आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड प्लाट न. 20 व 21, सेक्टर 135, नॉएडा में स्थित अपनी इकाई के क्षेत्र विस्तार व पुन: प्रोजेक्शन्स के लिए आवेदन किया है | इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि इकाई वर्तमान में बिल्डिंग सं. 9 के 34859 वर्ग फुट के क्षेत्र में कार्य कर रही है और इकाई ने बिल्डिंग सं. 2 के भूतल में 20000 वर्ग फुट कि अतिरिक्त जगह के लिए आवेदन किया है | उन्होंने यह भी बताया कि इकाई ने इस प्रस्तावित विस्तार के लिए संशोधित प्रोजेक्शन्स भी जमा करा दिए है, जिसका विवरण निम्नवत है |

रुपये( लाखो में )

| विवरण (पांच वर्षो का ) | वर्तमान प्रोजेक्शन्स | संशोधित प्रोजेक्शन्स |
|---|---|---|
| निर्यात मूल्य का प्रस्तावित एँफ़.ओ.बी. | 22939.49 | 34826.92 |
| विदेशी मुद्रा का गमन | 3948.45 | 6975.48 |
| विदेशी मुद्रा आय (एन.एँफ़.ई.) पांच वर्षो की | 18991.04 | 27581.44 |
| आयात कैपिटल गुड्स | 1159.20 | 1396.57 |
| स्वदेशी कैपिटल गुड्स | 289.80 | 1124.97 |

इकाई की ओर से श्री पवन सिंह, प्रबंधक (टैक्सेशन) समिति के समक्ष उपस्थित हुए और प्रस्ताव को समझाया | काफी चर्चा के बाद, समिति ने क्षेत्र विस्तार व पुन: प्रोजेक्शन्स के लिए इस शर्त पर अनुमति दी कि इकाई पुन: नवीन/अतिरिक्त बांड कम एल.यु.टी. करेगी |

**iii. मै. सी.व्यू ड्रेवेलोपेर्स लिमिटेड, आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड, सेक्टर 135, नॉएडा की इकाई मै. इत्तास इंडिया प्रा. लिमिटेड के कैपिटल गुड्स की कीमत बढाने का प्रस्ताव |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. इत्तास इंडिया प्रा. लिमिटेड ने मै. सी.व्यू ड्रेवेलोपेर्स लिमिटेड, आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड प्लाट न. 20 व 21, सेक्टर 135, नॉएडा में स्थित अपनी इकाई के स्वदेशी कैपिटल गुड्स की कीमत बढाने के लिए आवेदन किया है | इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि इकाई की अनुमोदित स्वदेशी कैपिटल गुड्स एवं आयात कैपिटल गुड्स क्रमश: ₹ 20.00 लाख व ₹ 50.00 लाख है, और इकाई ने ₹ 725 लाख के अतिरिक्त स्वदेशी कैपिटल गुड्स को बढाने का प्रस्ताव रखा है |

इकाई की ओर से श्री पार्थसारथि के., प्रबंधक समिति के समक्ष उपस्थित हुए और प्रस्ताव को समझाया | काफी चर्चा के बाद, समिति ने क्षेत्र विस्तार व पुन: प्रोजेक्शन्स के लिए इस शर्त पर अनुमति दी कि इकाई पुन: नवीन/अतिरिक्त बांड कम एल.यु.टी. करेगी | समिति ने यह निर्देश भी दिया कि कम्पनी प्रतिनिधि यह भी देखे कि क्या ₹ 725 लाख के अतिरिक्त स्वदेशी कैपिटल गुड्स को बढाने के लिए निर्यात व विदेशी मुद्रा आय (एन.एँफ़.ई.) प्रोजेक्शन्स को भी संशोधित करना होगा ?

**iv. मै. एन.आई.आई.टी. टेक्नोलॉजी लिमिटेड, डेवलपर आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड, टेक जोन सेक्टर, ग्रेटर नॉएडा को माल की सूची के विकास आयुक्त के अंतरिम अनुमोदन की पुष्टि करना |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. एन.आई.आई.टी.. टेक्नोलॉजी लिमिटेड, डेवलपर ने प्लाट टीजेड 02 व 2ए, टेकजोन, ग्रेटर नॉएडा में अपने अनुमोदित कार्यो को करने के लिए माल की सूची अंतरिम अनुमोदन करने का आवेदन किया था|

| क्र. सं. | अनुमोदित कार्यो का नाम | संभावित मूल्य (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | टेलिकॉम एवं अन्य संचार सुविधाए इन्टरनेट सहित | | 60.00 |
| 2. | जल शोधन केंद्र, जल वितरण लाइन(श्रोत से लाइन), सीवेज लाइन्स, वर्षा वाले गड्ढे एवं उपयुक्त क्षमता के जल चैनल के सम्बन्ध में | | 9.40 |
| | कुल: | 69.40 |

उन्होंने यह भी बताया कि डेवलपर की आवश्यकता को देखते हुए विकास आयुक्त ने प्रस्ताव दिनांक 02.07.2015 को इकाई अनुमोदन समिति की मंजूरी की शर्त के साथ अनुमोदित कर दिया था |

डेवलपर की ओर से श्री श्री देवेन्द्र गुप्ता, समिति के समक्ष उपस्थित हुए और प्रस्तावित माल की जरूरत को समझाया | समिति ने उपयुक्त विषय पर "माल की सूची" पर विकास आयुक्त के अनुमोदन कि पुष्टि की |

**v. मै. एन.आई.आई.टी. टेक्नोलॉजी लिमिटेड, डेवलपर आई.टी./आई.टी.ई.एस एस.ई.जेड, टेक जोन सेक्टर, ग्रेटर नॉएडा को माल की सूची अनुमोदित करने का प्रस्ताव |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. एन.आई.आई.टी. टेक्नोलॉजी लिमिटेड, डेवलपर ने प्लाट टीजेड 02 व 2ए, टेकजोन, ग्रेटर नॉएडा में अपने अनुमोदित कार्यो को करने के लिए निम्नलिखित माल की सूची को अपने डिफ़ॉल्ट माल की सूची में शामिल करने का किया है |

| क्रम सं. | अनुमोदित कार्य | डिफ़ॉल्ट माल की सूची में क्रम सं. 50 पर स्थित | अनुमानित लागत (रूपए लाखो में ) |
|---|---|---|---|
| 1. | स्प्रिंकलर, आग व धूम्र डिटेक्टर के साथ आग नियंत्रण प्रणाली | 07 | 49.50 |
| 2. | वातानुकूलित प्रोसेसिंग क्षेत्र | 21 | 320.50 |
| 3. | बिजली, गैस एवं पेट्रोलियम नेचुरल गैस के वितरण के लिए उपयुक्त क्षमता का सब स्टेशन, पाइपलाइन नेटवर्क इत्यादि | | 04 | 36.15 |
| 4. | एक्सेस नियंत्रण एवं मोनिटरिंग सिस्टम | 24 | 85.00 |
| 5. | टेलिकॉम एवं अन्य संचार सुविधाए इन्टरनेट सहित | | 05 | 245.00 |
| 6. | कैफ़ेटेरिया/कैंटीन प्रोसेसिंग एरिया के सभी कर्मचारियों के लिए | 27 | 33.50 |
| 7. | प्रोसेसिंग एरिया में सभी प्रकार के निर्माण करने के सम्बन्ध में | | 22 | 805.70 |
| | | कुल: | 1575.35 |

डेवलपर की ओर से श्री देवेन्द्र गुप्ता, समिति के समक्ष उपस्थित हुए और चार्टर्ड इंजिनियर द्वारा सर्टिफाइड संशोधित माल की सूची प्रस्तुत की | समिति ने पाया कि संसोधित सूची के क्रम सं. 1 पर स्थित आइटम के लिए प्रस्तावित इकाई व संख्या के वारे में जानकारी नहीं दी गई है |

समिति ने यह भी पाया कि डेवलपर ने चेयर्स की इकाई में "संख्या" के स्थान पर "वर्ग मीटर" दिया है | समिति ने डेवलपर के प्रतिनिधि को चेयर्स की इकाई में संशोधन के उपरांत संशोधित सूची जमा करने का आदेश दिया |

समिति ने अनुमोदित कार्यो को करने के लिए प्रस्तावित माल की सूची में बिंदु 2,3,4,5,6 व 7(चेयर्स छोड़कर) को अनुमोदित कर दिया |

समिति ने इस बात को गंभीरता से लिया कि चार्टर इंजिनियर ने बड़े ही साधारण तरीके से लिस्ट का सत्यापन किया और आदेश दिया कि चार्टर इंजिनियर से इसका स्पष्टीकरण माँगा जाये |

vi. **मै. आर्था इन्फ्राटेक प्रा. लिमिटेड , प्लाट न. 20, टेक जोन IV, ग्रेटर नॉएडा के सह विकासकर्ता मै. पी.एल.जी. इन्क्यूबेशन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड के माल की सूची अनुमोदित करने का प्रस्ताव |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. आर्था इन्फ्राटेक प्रा. लिमिटेड , प्लाट न. 20, टेक जोन IV, ग्रेटर नॉएडा के सह विकासकर्ता मै. पी.एल.जी. इन्क्यूबेशन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड के माल ने अनुमोदित कार्यो को करने के लिए माल की सूची को अनुमोदित करने का प्रस्ताव दिया है |

| क्रम सं. | अनुमोदित कार्य | अनुमानित लागत (रूपए लाखो में ) |
|---|---|---|
| 1. | प्रोसेसिंग एरिया में सभी प्रकार का निर्माण कार्य | 704.70 |
| 2. | जल श्रोत एवं भूमापन | 4.00 |
| 3. | बिजली (पॉवर बैकअप के साथ) कैप्टिव उपयोग हेतु | 61.02 |
| 4. | स्ट्रीट लाइट,सिग्नल एवं साईनेज के साथ सड़के | 10.00 |
| 5. | एक्सेस नियंत्रण एवं मोनिटरिंग सिस्टम | 8.25 |
| | कुल: | 787.97 |

सह विकासकर्ता की ओर से श्री आशीष गर्ग, प्रबंधक समिति के समक्ष उपस्थित हुए और प्रस्तावित माल की जरूरत की व्याख्या की |

काफी चर्चा के पश्चात समिति ने पॉवर जेनेरसन पर डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स के पत्र दिनांक 06.04.2015 द्वारा जारी दिशा निर्देशों हवाला देते हुए क्रम सं. 3 पर स्थित आइटम के लिए को छोड़कर सूची को अनुमोदित कर दिया |

vii. **मै. अंसल आईटी सिटी एंड पार्क्स लिमिटेड , टेक जोन, ग्रेटर नॉएडा के सह विकासकर्ता मै. अर्थ आइकोनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड के माल की सूची अनुमोदित करने का प्रस्ताव |**

श्री राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त ने समिति को बताया कि मै. अंसल आईटी सिटी एंड पार्क्स लिमिटेड , प्लाट टीजेड 06, टेक जोन, ग्रेटर नॉएडा के सह विकासकर्ता मै. अर्थ आइकोनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड ने अनुमोदित कार्यो को करने के लिए प्रोसेसिंग एरिया में सभी प्रकार के निर्माण को करने के लिए रुपये 44.28 लाख को माल की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया है |

सह विकासकर्ता की ओर से श्री विनय कुमार सिन्हा, डिप्टी जेनेरल मेनेजर, समिति के समक्ष उपस्थित हुए और प्रस्तावित माल की जरूरत की व्याख्या की | काफी चर्चा के उपरांत, समिति ने प्रस्ताव को मंजूर कर लिया |

धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हो गई |

(डॉ. एल.बी.सिंघल)
विकास आयुक्त